**फा.सं. 11017/5/2020-राजभाषा (ई-20058)**

**भारत सरकार**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(राजभाषा अनुभाग)**

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 19.08.2026

**विषयः हिंदी पखवाड़ा के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

दिनांक 01 से 15 सितंबर, 2026 तक 'हिंदी पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान विभाग में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी:-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | **चित्र देखो कहानी लिखो प्रतियोगिता** | 02.09.2026 पूर्वाह्न 11-12 बजे |
| 2. | **आशुभाषण प्रतियोगिता** | 03.09.2026 पूर्वाह्न 11-12 बजे |
| 3. | **नोटिंग/ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता** | 08.09.2026 पूर्वाह्न 11-12 बजे |
| 4. | **काव्य पाठ प्रतियोगिता** | 09.09.2026 पूर्वाह्न 11-12 बजे |
| 5. | **श्रुतलेख प्रतियोगिता** | 10.09.2026 पूर्वाह्न 11-12 बजे |
| 6. | **प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता** | 11.09.2026 अपराह्न 2.30 बजे से |

- उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में विभाग के सभी कार्मिक (कंसल्टेंट/YP आदि) भाग ले सकेंगे।
- सभी प्रतियोगिताएं चंद्रलोक बिल्डिंग स्थित कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएंगी। सभी प्रतिभागी निर्धारित समय से पूर्व पहुंच कर अपना स्थान ग्रहण करें।

2. उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कार दिए जाएंगे:-

| क्र.सं. | पुरस्कार | राशि (रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | 5000 |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | 4000 |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | 3000 |
| 4 | प्रथम प्रोत्साहन | 2000 |
| 5 | द्वितीय प्रोत्साहन | 2000 |

3. प्रतियोगिताओं से संबंधित सामान्य नियम और शर्तें अनुबंध-I में दी गई हैं।

4. प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए **अपना नामांकन दिनांक 31.08.2026 को 5 बजे तक** ईमेल swati.melti@dahd.nic.in पर भेज दें या राजभाषा अनुभाग, कक्ष सं. 557 में भेज दें या **8825156020** पर WhatsApp कर दें। जिन प्रतिभागियों के नाम दिनांक 31.08.2026 तक प्राप्त हो जायेंगे उनका एक whatsapp समूह बनाया जाएगा और सभी जानकारियां उसी पर साझा की जाएंगी। अतः सभी से अनुरोध है कि वे अपना नाम और नंबर समय से भेज दें।

5. सभी अधीनस्थ कार्यालय भी अपने स्तर पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे और सर्वश्रेष्ठ 3 विजेताओं की स्कैन्ड प्रविष्टि (कॉपी), उसके नाम, पदनाम, फोन नबंर और ई-मेल तथा बैंक के ब्यौरे के साथ दिनांक 15.09.2026 को 12 बजे तक अवश्य ही राजभाषा अनुभाग (मुख्यालय) को ईमेल swati.melti@dahd.nic.in पर भेजेंगे। इसके लिए विषय मुख्यालय द्वारा दिया जाएगा। अधीनस्थ कार्यालय अपने स्तर पर अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर सकते हैं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

संलग्नकः यथोक्त

स्वाति 19/08/25.

(स्वाति मैल्टी)
उप निदेशक (रा.भा.)

**नोट: सभी अनुभागध्यक्षों से अनुरोध है कि इस पत्र का प्रचार-प्रसार करें और कार्मिकों को पखवाड़े में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।**

सेवा में,
विभाग के सभी कार्मिक तथा अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी

**प्रतिलिपि -**

1. सचिव (एएचडी) के वरि. प्रधान निजी सचिव
2. अपर सचिव (सीडीडी), अपर सचिव (रा.भा.) के वरि. प्रधान निजी सचिव
3. पशुपालन आयुक्त (एएचसी) के निजी सचिव
4. सलाहकार (सांख्यिकी)
5. विभाग के सभी निदेशक/उप सचिव/अवर सचिव
6. एनआईसी, डीएएचडी विभाग की वेबसाइट और ई-ऑफिस डैशबोर्ड पर अपलोड करने के संबंध में।

**अनुबंध-I**

हिंदी पखवाड़ा 2026 के दौरान मुख्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के सामान्य नियम और शर्तें :-

1. **चित्र देखो, कहानी लिखो प्रतियोगिता**

   इसमें प्रतिभागियों को एक चित्र दिया जाएगा, जिसके आधार पर कहानी/अनुच्छेद लिखना होगा। विस्तृत नियमों की जानकारी प्रतियोगिता आरंभ होने से पूर्व दी जाएगी।

2. **आशुभाषण प्रतियोगिता**

   इस प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर अधिकतम 3 मिनट तक बोलना होगा। विषय प्रतियोगियों को प्रतियोगिता के दौरान ही दिया जाएगा। विषय समसामयिक या विभाग से संबंधित हो सकते हैं। नियमों की विस्तृत जानकारी प्रतियोगिता के समय दी जाएगी।

3. **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

   इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्राप्त नामों में से लाटरी द्वारा दो या तीन सदस्यीय टीम बनाई जाएगी। इसमें विभिन्न विषयों पर प्रश्नों के कई राउंड खेले जाएंगे। इसमें राजभाषा नियम और हिंदी के राउंड भी रहेंगे। विजेता का निर्णय सही उत्तर देने पर प्राप्त अंकों के आधार पर उसी समय घोषित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विस्तृत नियमों की जानकारी आरंभ होने से पूर्व दी जाएगी।

4. **नोटिंग/ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता**

   इस प्रतियोगिता में नोटिंग और ड्राफ्टिंग से संबंधित प्रश्न दिए जाएंगे।

5. **श्रुतलेख प्रतियोगिता**

   इस प्रतियोगिता में केवल एमटीएस और आउटसोर्स स्टाफ (डेटा एंट्री ऑपरेटर और कार्यकारी सहायक/ईए) भाग ले सकेंगे।

6. **हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता**

   इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी द्वारा स्वरचित (मौलिक) कविता या किसी कवि की रचना पढ़ी जा सकती है। विस्तृत नियमों की जानकारी प्रतियोगिता आरंभ होने से पूर्व दी जाएगी।

**अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की अवधि एक घंटे की होगी और निबंध 750-1000 शब्दों का होना चाहिए। दो सदस्यों की समिति निबंध का विषय तय करेगी और उत्तर पुस्तिकाओं की जांच भी करेगी। निबंध का विषय प्रतिभागियों को पहले से दे दिया जाएगा। अधीनस्थ कार्यालय अपने स्तर पर निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करवाएंगे और उस प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ 3 उत्तर पुस्तिकाएं राजभाषा अनुभाग को भेजेंगे जिसमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताओं का चयन किया जाएगा। निबंध का विषय राजभाषा अनुभाग सभी अधीनस्थ कार्यालयों को परिचालित करेगा।

**प्रतियोगिता संबंधी अन्य नियम**

(i) गत वर्षों की तरह यह भी प्रस्ताव है कि यदि कोई व्यक्ति सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेता है और एक से अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कारों का पात्र हो जाता है तो उसे केवल उनमें से सर्वोत्तम एक पुरस्कार ही दिया जाएगा। इसका औचित्य यह है कि प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक अधिकारी और कर्मचारी भाग लें और अधिक से अधिक कार्मिकों को पुरस्कारों का लाभ मिले सके।

(ii) हिंदीतर भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों को प्राप्त अंकों में 10 प्रतिशत का अतिरिक्त लाभ (वेटेज) भी दिया जाएगा, ताकि प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक हिंदीतर भाषी अधिकारी/कर्मचारी भाग लेने के लिए प्रेरित हो सकें।

* प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए उप निदेशक (रा.भा.) से दूरभाष संख्या 011-23070319 पर संपर्क किया जा सकता है।